## समाहरणालय, गोपालगंज
### (जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)
### आदेश

निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय, बिहार, पटना के पत्रांक 1001 दिनांक 13.12.2019 के द्वारा दिव्यांगजनों के प्रमाणीकरण, सहायक उपकरण हेतु लाभुकों के परीक्षण करने एवं यू0 डी0 आई0 डी0 कार्ड के आवेदन किये जाने हेतु बुनियाद संजीवनी सेवा के माध्यम से दिनांक 15.12.2019 से 30.12.2019 तक विशेष शिविर आयोजित करने का निदेश प्राप्त हुआ है। प्राप्त निदेश के आलोक में निम्नांकित रोस्टर के अनुसार शिविर का आयोजन किया जायेगाः—

| क्र0 | प्रखंड का नाम | शिविर स्थल | शिविर आयोजन की तिथि | नोडल पदाधिकारी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बैकुण्ठपुर | प्रखंड कार्यालय बैकुण्ठपुर | 30.12.2019 | प्र0 वि0 पदाधिकारी, बैकुण्ठपुर |
| 2. | सिधवलिया | प्रखंड कार्यालय सिधवलिया | 31.12.2019 | प्र0 वि0 पदाधिकारी, सिधवलिया |
| 3. | बरौली | प्रखंड कार्यालय बरौली | 03.01.2020 | प्र0 वि0 पदाधिकारी, बरौली |
| 4. | मांझा | प्रखंड कार्यालय मांझा | 04.01.2020 | प्र0 वि0 पदाधिकारी, मांझा |
| 5. | गोपालगंज | प्रखंड कार्यालय गोपालगंज | 06.01.2020 | प्र0 वि0 पदाधिकारी, गोपालगंज |
| 6. | कुचायकोट | प्रखंड कार्यालय कुचायकोट | 07.01.2020 | प्र0 वि0 पदाधिकारी, कुचायकोट |
| 7. | थावे | प्रखंड कार्यालय थावे | 08.01.2020 | प्र0 वि0 पदाधिकारी, थावे |
| 8. | हथुआ | प्रखंड कार्यालय हथुआ | 09.01.2020 | प्र0 वि0 पदाधिकारी, हथुआ |
| 9. | उचकागॉव | प्रखंड कार्यालय उचकागॉव | 10.01.2020 | प्र0 वि0 पदाधिकारी, उचकागॉव |
| 10. | फुलवरिया | प्रखंड कार्यालय फुलवरिया | 11.01.2020 | प्र0 वि0 पदाधिकारी, फुलवरिया |
| 11 | पंचदेवरी | प्रखंड कार्यालय पंचदेवरी | 13.01.2020 | प्र0 वि0 पदाधिकारी, पंचदेवरी |
| 12 | कटेया | प्रखंड कार्यालय कटेया | 14.01.2020 | प्र0 वि0 पदाधिकारी, कटेया |
| 13 | भोरे | प्रखंड कार्यालय भोरे | 15.01.2020 | प्र0 वि0 पदाधिकारी, भोरे |
| 14 | विजयीपुर | प्रखंड कार्यालय विजयीपुर | 16.01.2020 | प्र0 वि0 पदाधिकारी, विजयीपुर |

**शिविर के आयोजन हेतु निम्न प्रकार से संबंधित पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा जाता है :—**

1. **असैनिक शल्य चिकित्स —सह— मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गोपालगंज।**
    1. निर्धारित रोस्टर के अनुरुप संबंधित प्रखंड मुख्यालय में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 में उल्लेखित सभी प्रकार के दिव्यांगताओं का प्रमाणीकरण सुनिश्चित करने हेतु सभी प्रकार के चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति उचित संख्या में शिविर स्थल पर करेंगे।
    2. प्रतिनियुक्ति के साथ—साथ ससमय चिकित्सकों की उपस्थिति भी शिविर स्थल पर सुनिश्चित की जायेगी।
    3. प्रतिनियुक्ति से संबंधित प्रतिवेदन संलग्न विहित प्रपत्र VI में इस कार्यालय को अचूक रुप से उपलब्ध करायेंगे।
    4. शिविर के दौरान प्राथमिक उपचार की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जायेगी।

Scanned by CamScanner

2. **सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, गोपालगंज जिला।**

1. उपरोक्त रोस्टर के अनुरुप व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करायेंगे ताकि शत्–प्रतिशत दिव्यांगजन शिविर स्थल पर उपस्थित होकर लाभ प्राप्त कर सकें।
2. अपने स्तर से भी प्रमाणीकरण में सहयोग हेतु पंचायतवार कर्मियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करेंगे तथा प्रपत्र **II** में प्रतिवेदन अचूक रुप से इस कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे।
3. शिविर स्थल पर पंजीकरण एवं चिकित्सकों के बैठने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जायेगी।
4. साथ ही साथ यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि आने वाले दिव्यांगजनों को पंक्तिबद्ध होकर लाभ प्राप्त करने में असुविधा न हो।
5. कुल तीन प्रकार के काउन्टरों की व्यवस्था की जायेगा यथा – प्रथम काउन्टर – प्रमाणीकरण।
   द्वितीय काउन्टर :–सहायक उपकरण हेतु परीक्षण। तृतीय काउन्टर – यू0 डी0 आई0 डी0 हेतु आवेदन–पत्र प्राप्त करना।
6. प्रखंड विकास पदाधिकारी विधि व्यवस्था के दृष्टिकोण से शिविर स्थल पर सुरक्षा बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करायेंगे।

3. **जिला प्रबंधक, बुनियाद केन्द्र, गोपालगंज।**

1. जिला प्रबंधक, निर्धारित रोस्टर के अनुरुप बुनियाद संजीवनी सेवा के साथ शिविर स्थल पर ससमय तकनिकी कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे।
2. वैसे दिव्यांगता प्रमाण–पत्र धारक जिनका अब–तक यू0 डी0 आई0 डी0 कार्ड नहीं बना हुआ है उनसे शिविर में आवेदन–पत्र प्राप्त करेंगे। आवेदन–पत्र के साथ आवश्यक कागजात यथा–दिव्यांगता प्रमाण–पत्र, पहचान पत्र संबंधी दस्तावेज, आवासीय प्रमाण–पत्र संबंधी दस्तावेज की छायाप्रति तथा पासपोर्ट आकार के दो फोटो एवं हस्ताक्षर का नमूना प्राप्त करेंगे।
3. प्रतिदिन प्राप्त यू0 डी0 आई0 डी0 कार्ड हेतु आवेदन–पत्र केस मैनेजर, बुनियाद केन्द्र, गोपालगंज के द्वारा पोर्टल पर ऑन–लाईन कराना सुनिश्चित किया जायेगा।
4. प्रतिवेदन की विहित प्रपत्र **III & IV** में प्रतिवेदन इस कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे।

4. **जिला शिक्षा पदाधिकारी, गोपालगंज।**

1. जिला शिक्षा पदाधिकारी, गोपालगंज निर्धारित रोस्टर के अनुरुप आयोजित शिविर की सूचना सभी विद्यालायों में उपलब्ध करायेंगे तथा दिव्यांग छात्र–छात्राओं को शिविर में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।
2. यू0 डी0 आई0 डी0 कार्ड हेतु आवेदन–पत्र दिव्यांगजनों से प्राप्त कर जिला प्रबंधक, बुनियाद केन्द्र, गोपालगंज को उपलब्ध करायेंगे ताकि छात्र–छात्राओं का शत्–प्रतिशत यू0 डी0 आई0 डी0 कार्ड बन सके।

5. **जिला सूचना एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी, गोपालगंज।**

1. शिविर आयोजन से संबंधित सूचना का विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार–प्रसार करायेंगे ताकि अधिकाधिक संख्या में दिव्यांगजन शिविर का लाभ प्राप्त कर सकें।

सभी संबंधित पदाधिकारी सौंपे गये दायित्व का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

**जिला पदाधिकारी,**
**गोपालगंज।**

Scanned by CamScanner

प्रतिलिपि :– ज्ञापांक – 479 /सा0 सु0 दिनांक – 24/12/19

1. सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, गोपालगंज जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
2. सभी प्रभारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, गोपालगंज जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
3. जिला प्रबंधक, कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, सक्षम, गोपालगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित एवं निदेशित किया जाता है कि उक्त कार्यो की दैनिक समीक्षा कर प्रगति प्रतिवेदन से अद्योहस्ताक्षरी को अवगत करायेंगे।
4. सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला गोपालगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
5. कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, गोपालगंज/नगर पंचायत, बरौली, मीरगंज एवं कटेया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित
6. असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गोपालगंज को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि चिकित्सकों की समुचित प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करेंगे।
7. जिला सूचना एवं जन–सम्पर्क पदाधिकारी, गोपालगंज को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि सामाचार पत्रों के माध्यम से शिविर के संबंध में सामाचार प्रकाशित करने की व्यवस्था की जाय।
8. जिला शिक्षा पदाधिकारी, गोपालगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
9. अनुमंडल पदाधिकारी, गोपालगंज/हथुआ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
10. उप विकास आयुक्त, गोपालगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
11. निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं प्रेषित।

**जिला पदाधिकारी,**
**गोपालगंज।**

Scanned by CamScanner